भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 941**
उत्तर देने की तारीख 10.02.2025

**राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन**

**941. श्री दामोदर अग्रवाल :**
**डॉ. मन्ना लाल रावत :**
**श्रीमती कमलेश जांगड़े :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के अंतर्गत एनएमएल मॉडल पुस्तकालय के अधीन दिव्यांग लोगों के समूहों के लिए बनाई गई विशेष सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) पुस्तकालयों को प्रभावी रूप से उक्त व्यक्तियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार स्थानीय समुदायों को किस प्रकार से शामिल करती है या उन्हें किस प्रकार से शामिल किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या सरकार का विचार भविष्य में राष्ट्रीय पुस्तकालयों की अवसंरचना और प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में पुस्तकालयों की अवसंरचना और प्रौद्योगिकी को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं का सृजन करना एक सतत प्रक्रिया है। सृजित सुविधाओं में से कुछ इस प्रकार हैं- टॉकिंग बुक्स, ब्रेल बुक्स, कंप्यूटर स्क्रीन रीडिंग और टेक्स्ट टू स्पीच सॉफ्टवेयर, टेक्स्ट टू ब्रेल कन्वर्टर सॉफ्टवेयर, ब्रेल प्रिंटर/एम्बॉसर, स्कैनर, हेडफोन, रैंप, व्हीलचेयर, लिफ्ट आदि।

(ख): यह कार्य अनेक प्रकार से सुनिश्चित किया जाता है जैसे कि व्याख्यान, पुस्तक प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन और लोक शिकायत समितियां।

(ग): जी, नहीं।

(घ): उपरोक्त (ग) को देखते हुए लागू नहीं होता।

(ड.): संस्कृति मंत्रालय ने अपनी राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम के माध्यम से जिला पुस्तकालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़ को अवसंरचना के स्तरोन्नयन के लिए 41.32 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

****